e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (11)–क्षे0स्था0 (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)– 02/2021 2045 पटना, दिनांक :– 19/10/2022

आदेश

प्रस्तुत अपील "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8 (4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी श्री विनय कुमार चौधरी (Emp. ID SSA05003) एवं श्री उत्पलकांत शर्मा (Emp. ID SSA04923), पूर्व संविदा अमीन (अमानत/सर्वेयर) द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश पत्रांक–2701 दिनांक–08.09.2021 एवं पत्रांक– 2700 दिनांक– 08.09.2021 के विरूद्ध दाखिल किया गया है।

उक्त अपील में अपना पक्ष रखने हेतु श्री चौधरी एवं श्री शर्मा को पत्रांक–1982 दिनांक–10.08.2022 द्वारा ईमेल से नोटिस दिया गया।

निर्धारित तिथि 26.08.2022 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभय पक्ष उपस्थित।

अपीलार्थी, श्री विनय कुमार चौधरी का कहना है कि कम्प्यूटर की परीक्षा के पूर्व अस्वस्थ्य रहने के कारण मुझे 21 अंक प्राप्त हुआ। इनके द्वारा आगे बताया गया कि मैं पटना सदर अंचल में अमीन के पद पर पदस्थापित था, यहां मैंने सभी कार्य ससमय पूरा किया है। अमीन के एक माह के प्रशिक्षण के उपरांत ली गई परीक्षा में 10 अंक से कम अंक वाले अमीनों की सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया था, जबकि मुझे 21 अंक प्राप्त है।

अपीलार्थी, श्री उत्पलकांत शर्मा का कहना है कि मुझे जाँच परीक्षा में 29 अंक प्राप्त हुआ है, जो निर्धारित पास मार्क से 01 अंक कम है।

उपरोक्त दोनों अपीलार्थियों द्वारा अपने स्पष्टीकरण में अन्य कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना ने अपने प्रतिउत्तर में स्पष्ट किया है कि 486 संविदा अमीनों के ऑनलाईन एवं ऑफलाईन, सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के उपरांत ली गई परीक्षा में श्री चौधरी एवं श्री शर्मा को क्रमशः 0, 21 एवं 0, 29 अंक प्राप्त हुआ है। उक्त परीक्षा में 10 अंक से कम अंक प्राप्त करने वाले तथा अनुपस्थित अमीनों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। श्री विनय कुमार चौधरी एवं श्री उत्पलकांत शर्मा द्वारा स्पष्टीकरण में उत्तीर्णता अंक से कम अंक पाने के संबंध में कोई ठोस कारण नहीं दिया गया है।

निदेशक के प्रतिउत्तर से स्पष्ट है कि ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्णता हेतु 10 अंक एवं ऑफलाईन परीक्षा में उत्तीर्णता हेतु 30 अंक निर्धारित किए गए थे। श्री चौधरी एवं श्री शर्मा के ऑनलाईन एवं ऑफलाईन, सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के उपरांत ली गई परीक्षा में क्रमशः 0, 21 एवं 0, 29 अंक प्राप्त किए है, जो कट ऑफ अंक 10 एवं 30 से कम है। जाँच परीक्षा के परीक्षाफल से स्पष्ट है कि नियोजन के 5 माह से अधिक समय पश्चात् भी इन्हें अमीन के कार्य हेतु न तो आवश्यक जानकारी है और न ही कम्प्यूटर के सामान्य जानकारी है, जो सेवा शर्त्त का अनिवार्य अंग है।

उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि श्री विनय कुमार चौधरी एवं श्री उत्पलकांत शर्मा के ऑनलाईन एवं ऑफलाईन, सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के उपरांत ली गई परीक्षा में क्रमशः 0, 21 एवं 0, 29 अंक प्राप्त किए है, जो उत्तीर्ण अंक 10 एवं 30 से कम है। साथ ही इन्हें कम्प्यूटर का सामान्य जानकारी भी नहीं है।

उक्त के आलोक में श्री विनय कुमार चौधरी (Emp. ID SSA05003) एवं श्री उत्पलकांत शर्मा (Emp. ID SSA04923), पूर्व संविदा अमीन (अमानत/सर्वेयर) का अपील अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (11)–क्षे0स्था0 (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)– 02/2021 2945 पटना, दिनांक :– 19/10/2022

प्रतिलिपिः– श्री विनय कुमार चौधरी (Emp. ID SSA05003) एवं श्री उत्पलकांत शर्मा (Emp. ID SSA04923), पूर्व संविदा अमीन (अमानत/सर्वेयर) Email-binaykumarchaudhary61119@gmail.com utpalkantsharma19@gmail.com अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10/22
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (11)–क्षे0स्था0 (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)– 02/2021 2945 पटना, दिनांक :– 19/10/2022

प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना/बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), पटना एवं बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10/22
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ख्या :– 01/भू0अ0नि0 (11)–क्षे0स्था0 (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)– 02/2021 2945 पटना, दिनांक :– 19/10/2022

प्रतिलिपिः– संबंधित स्थापना प्रभारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

14/10/22
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (11)–क्षे0स्था0 (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)– 02/2021 2945 पटना, दिनांक :– 19/10/2022

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10/22
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (11)–क्षे0स्था0 (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)– 02/2021 2945 पटना, दिनांक :– 19/10/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

14/10/22
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप